पत्रांक 15/सी 3–11/2015–674
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना

प्रेषक,

एस0 एम0 करीम,
निदेशक (उच्च शिक्षा)।

FAX
Speed post

सेवा में,

कुलसचिव,
राज्य के सभी विश्वविद्यालय।

पटना, दिनांक 26/3/2015

विषयः– विश्वविद्यालयों में कराये गये शोध कार्यों की सूची एवं उसका संक्षिप्त विवरण विश्वविद्यालय के बेवसाईट तथा यू0जी0सी0 के बेवसाईट पर संधारित/अपलोड करने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक संबंध में डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी, स0वि0प0 से बिहार विधान परिषद् के चालू सत्र में इस आशय का तारांकित प्रश्न विभाग को प्राप्त है जिसमें विश्वविद्यालयों द्वारा यू0जी0सी0 के दिशा–निर्देशों के अनुरूप विश्वविद्यालयों में कराये जा रहे शोध कार्यों की सूची एवं सक्षिप्त विवरण विश्वविद्यालय के बेवसाईट एवं यू0जी0सी0 के बेवसाईट पर संधारित/अपलोड नहीं किया जा रहा है, जिससे शोध कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। यह अत्यंत ही खेदजनक है।

अतः निदेश दिया जाता है कि एक माह के अंदर अपने विश्वविद्यालय में हुए शोध कार्यों की सूची एवं सक्षिप्त विवरण निश्चित रूपेण अपने विश्वविद्यालय के बेवसाईट पर अपलोड कराया जाए साथ ही उसे यू0जी0सी0 के बेवसाईट पर भी संधारित कराने की कार्रवाई की जाए।

विश्वासभाजन,

Karim 26/03/15
(एस0 एम0 करीम)
निदेशक (उच्च शिक्षा)